राजस्थान पत्रिका

झुंझुनूं, मंगलवार, 14 अक्टूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी संवत् 2082

य एषु सुप्तेषु जागर्ति

वर्ष 04 | अंक 10 | पृष्ठ 18 | मूल्य 5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

खिलाड़ी अच्छे हैं पर परिणाम पाने के लिए टीम संयोजन सही करना होगा @स्पोर्ट्स&गेमिंग

वैज्ञानिकों का दावा, डिप्रेशन का कारण दिमाग की सिर्फ दो... @इंडिया&वर्ल्ड

चांदी एक महीने में 50,000 रुपए महंगी, सोना 15,000 रुपए चढ़ा @बिजनेस&वेल्थ

पिलानी आए भारत 6जी एलायंस के डायरेक्टर जनरल राजेश कुमार पाठक से बातचीत

'6जी बनेगा भारत के डिजिटल भविष्य की रीढ़'

पिलानी . दूरसंचार ने दुनिया को एक शहर में बदल दिया है। अब अगली छलांग 6जी होगी, जो भारत को डिजिटल नेतृत्व की नई ऊंचाई पर पहुंचाएगी। यह कहना है भारत 6जी एलायंस के डायरेक्टर जनरल राजेश कुमार पाठक का। वे सोमवार को पिलानी के केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीरी) में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। इस दौरान उनसे हुई बातचीत के प्रमुख अंश...।

पत्रिका : भारत में 6जी का व्यावहारिक उपयोग कब तक शुरू हो सकता है?

पाठक : वर्तमान में सभी लोग इस दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक भारत में 6जी तकनीक लॉन्च हो सके। हमें विश्वास है कि तय समय पर आम आदमी तक इसका लाभ पहुंच जाएगा।

पत्रिका : 6जी तकनीक, 5जी से कितनी अलग होगी?

पाठक : 4जी और 5जी जैसी तकनीकें मुख्य रूप से विकसित देशों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई थीं। लेकिन 6जी का मॉडल भारत की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गांवों और ढाणियों तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचे और हर नागरिक को इस तकनीक का लाभ मिले।

पत्रिका : ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में 6जी किस तरह मददगार होगा?

पाठक : 6जी केवल तेज इंटरनेट नहीं, बल्कि संपूर्ण डिजिटल जीवनशैली का माध्यम बनेगा। इसके जरिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, हर क्षेत्र में बदलाव आएगा। किसान को खेत में बैठकर फसलों की जानकारी मिलेगी और गांवों में टेलीमेडिसिन सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी।

पत्रिका : 6जी आम आदमी के जीवन में क्या परिवर्तन लाएगा?

पाठक: 6जी अपने आप में निराला होगा। 6जी और एआई मिलकर आम आदमी के जीवन को सुखमय बनाने की दिशा में काम करेंगे। इसके माध्यम से किसान को खेत में बैठे ही सभी प्रकार की फसलों से जुड़ी जानकारी मिलेंगी। गांव- ढाणी में बैठे व्यक्ति की सभी प्रकार की जांचें हो जाएगी और वह कुछ ही समय में चिकित्सक की सलाह से उपचार भी ले सकेगा।